केन्द्रीय विद्यालय संगठन कोलकाता संभाग

KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN, KOLKATA REGION

सत्रांत परीक्षा / SESSION ENDING EXAMINATION, 2025-26

कक्षा / CLASS-VIII    अधिकतम अंक/Max. Marks: 60

विषय/Sub.: हिन्दी / HINDI    समय/Time: 2 ½ घंटे / Hrs.

सामान्य निर्देश :

I. इस प्रश्न पत्र में कुल चार खण्ड हैं- 'क' ,'ख', 'ग' एवं 'घ'।

- ✓ खंड- 'क' में अपठित गद्याश एवं पद्यांश से प्रश्न पूछे गए है, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- ✓  खंड- 'ख' में व्यावहारिक व्याकरण (भाषा की बात एवं मिलकर करें मिलान) से प्रश्न पूछे गए है, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- ✓  खंड-'ग' पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- ✓  खंड- 'घ' रचनात्मक लेखन पर आधारित है. आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।

II यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

- ✓ इस प्रश्न पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया ।

## खंड - क

**1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए    1×5=5**

किसी भी समाचार-पत्र का सर्वप्रथम उद्देश्य जनता को संसार के किस कोने में कहाँ क्या हो रहा है, इसका सही-सही ज्ञान कराना होना चाहिए। जो समाचार-पत्र अपने किसी निश्चित संकुचित उद्देश्य की पूर्ति के लिए भ्रमात्मक बातों का प्रचार करके जनता को पथभ्रष्ट करते हैं, वे विश्वासघाती हैं। क्या ऐसे समाचार- पत्रों को देशद्रोही कहना अनुचित होगा? समाचार-पत्रों को अपने बलिष्ठ व्यक्तित्व का अच्छी प्रकार से ज्ञान होना चाहिए। राष्ट्र के जीवन में समाचार-पत्रों का विशिष्ट स्थान है, क्योंकि जनता और सरकार के बीच में समाचार-पत्र ही तो दुभाषिये के रूप में है। वे सरकार की उचित-अनुचित कार्यवाहियों की आलोचना करके जनता का पथ प्रशस्त करते हैं, जनता के मनोभावों का सही विश्लेषण उपस्थित करके सरकार को तदनुसार काम करने के लिए बाध्य करते हैं। समाचार पत्रों के द्वारा ही जनता की राजनीतिक शक्ति एवं चेतना में वृद्धि होती है।

(क) समाचार-पत्र का सर्वप्रथम उद्देश्य क्या है?

(i) जनता को आस-पास की जानकारी देना    (ii) जनता का ज्ञान बढ़ाना

(iii) जनता की सेवा करना    (iv) जनता को संसार की घटनाओं से अवगत कराना

(ख) विश्वासघाती समाचार-पत्र कौन-से होते हैं?

(i) जनता का विश्वास तोड़ने वाले    (ii) जनता की आवश्यकताएँ पूरा न करनेवाले

(iii) भ्रमपूर्ण बातों का प्रचार करनेवाले    (iv) जनता को लक्ष्य की ओर ले जानेवाले

(ग) समाचार-पत्रों को दुभाषिया क्यों कहा गया है?

(i) दो लोगों के बीच बातचीत का माध्यम होने के कारण (ii) दो भाषाओं में छपने के कारण

(iii) जनता और सरकार के बीच संबंध बनाने के कारण

(iv) जनता और नेताओं के बीच संबंध बनाने के कारण

(घ) समाचार-पत्र सरकार को किस बात के लिए बाध्य करते हैं?

(ङ) गद्यांश के अनुसार समाचार-पत्रों को किस प्रकार का ज्ञान होना चाहिए?

2 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1*5 =5

लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।
नन्ही चींटी जब दाना लेकर चलती है,
चढ़ती दीवारों पर, सौ बार फिसलती है।
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है,
चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है
आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती ।
डुबकियाँ सिंधू में गोताखोर लगाता है,
जा-जाकर खाली हाथ लौटकर आता है।
मिलते नहीं सहज ही मोती गहरे पानी में,
बढ़ता दुगना उत्साह इसी हैरानी में।
मुट्ठी उसकी खाली हर बार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।

(क) नौका पार लगाने के लिए क्या करना चाहिए?

(i) निरंतर प्रयत्न एवं साहस से कार्य करना चाहिए। (ii) लहरों से डरना चाहिए।

(iii) पीछे लौट आना चाहिए (iv) कोशिश नहीं करना चाहिए।

(ख) सागर में मोती कहाँ मिलते हैं

(i) उथले जल में (ii) पानी के बीचों-बीच

(iii) गहराई में जाकर (iv) सीपियों के बंद मुँह में

(ग) चींटी को दीवारों पर बार-बार फिसलना क्यों नहीं अखरता?

(i) क्योंकि उसे गिरने की आदत है। (ii) क्योंकि उसके मन में साहस और विश्वास है।

(iii) क्योंकि दाना हल्का होता है। (iv) क्योंकि दीवारें ऊँची हैं।

(घ) गोताखोर को मोती प्राप्त करने के लिए क्या करना पड़ता है?

(ङ) इस कविता से हमें क्या मुख्य सीख मिलती है?

## खंड - ख

**प्रश्न 3 नीचे दिए गए प्रश्नों का निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -**

(क) निम्नलिखित में से किन्ही दो मुहावरों का अर्थ लिखते हुए वाक्य बनाए । **(1×2 =2)**

(i) बाल बांका न होना (ii)बाल -बाल बचना (iii) थैली गरम करना

(ख) निम्नलिखित में से किन्ही दो को भविष्य काल में बदलिए । **(1×2 =2)**

(i) वह गिड़गिड़ाकर बोली।

(ii) श्रीमान् ने आज्ञा दे दी

(iii) उसकी आँखों से आँसू की धारा बहने लगी।

(ग) नीचे दिए गए रिक्त स्थानों में उपयुक्त शब्द भरिए । **(1×2 =2)**

(i) वृद्धा झोंपड़ी के भीतर..........................। (गई/गईं )

(ii) उसने अपनी टोकरी मिट्टी से भर ली और बाहर ले.......... । (आई/आईं)

(घ) नीचे दिए रिक्त स्थान में 'आरोहण' और 'अवरोहण' का उपयुक्त प्रयोग करके किन्ही दो वाक्यों को पूरा कीजिए। **(1×2 =2)**

(i) पर्वतारोहियों ने बीस दिन तक पर्वत पर .......................कर विजय प्राप्त की।

(ii) नदियाँ विशाल पर्वतों से............................ करते हुए सागर में मिल जाती हैं।

(iii) अंकगणित में बड़ी संख्या से छोटी संख्या की ओर लिखने कीप्रक्रिया........................क्रम कहलाती है।

(ङ) निम्नलिखित में से किन्ही दो शब्दों के विलोम शब्द लिखिए - (1×2 =2)

(i) विषमता (ii) अकर्मण्य (iii) क्षुद्र

(च) निम्नलिखित का उचित मिलान कीजिए- **(1 × 4 = 4)**

| स्तम्भ 1 | स्तम्भ 2 |
|---|---|
| 1.गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागौं पाँय। | 1.पंथी को छाया नहीं, फल लागै अति दूर।। |
| 2.बड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर। | 2.जाके हिरदे साँच है, ता हिरदे गुरु आप। |
| 3.ऐसी बानी बोलिए, मन का आपा खोय। | 3.बलिहारी गुरु आपने, गोविंद दियो बताय।। |
| 4.साँच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप। | 4.औरन को सीतल करै, आपहुँ सीतल होय। |

**प्रश्न 3. निम्नांकित पठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इन पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए- (1×5=5)**

दो व्यक्ति कमरे में,
कमरे से छोटे-कमरा है घर में,
घर है मुहल्ले में
मुहल्ला नगर में
नगर है प्रदेश में
प्रदेश कई देश में
देश कई पृथ्वी पर
अनगिन नक्षत्रों में
करोड़ों में एक ही
सबको समेटे है
परिधि नभ गंगा की
लाखों ब्रह्मांडों में
कितनी ही पृथ्वियाँ
कितनी ही भूमियाँ
कितनी ही सृष्टियाँ
यह है अनुपात आदमी का विराट से
इस पर भी आदमी ईर्ष्या, अहं, स्वार्थ, घृणा, अविश्वास लीन
संख्यातीत शंख सी दीवारें उठाता है

(क) कविता की शुरुआत में व्यक्ति को किसके सापेक्ष छोटा बताया गया है?

(i) घर (ii) मोहल्ला

(iii) कमरा (iv) देश

(ख) कविता के अनुसार, पृथ्वी किसमें से एक छोटी इकाई है?

(i) अनगिनत नक्षत्रों में से (ii) प्रदेशों में से

(iii) मोहल्लों में से (iv) देशों में से

(ग) 'नभ गंगा' किसकी परिधि में स्थित है?

(i) पृथ्वी की (ii) कमरे की

(iii) नक्षत्रों की (iv) ब्रह्मांडों की

(घ) कवि के अनुसार, हर बर्ह्मांड में क्या हो सकता है?

(i) केवल एक पृथ्वी (ii) कई देश

(iii) कितनी ही पृथ्वियाँ (iv) केवल एक नभ गंगा

(ङ) इस काव्यांश में कवि मनुष्य के किस पहलू पर ध्यान केंद्रित कर रहा है?

(i) उसके अहंकार पर (ii) उसकी भौतिक लघुता पर

(iii) उसकी आंतरिक बुराइयों पर (iv) उसके सामाजिक संबंधों पर

**प्रश्न 4.निम्नांकित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए-(1×5=5)**

एक दिन श्रीमान् उस झोंपड़ी के आस-पास टहल रहे थे और लोगों को काम बतला रहे थे कि इतने में वह वृद्धा हाथ में एक टोकरी लेकर वहाँ पहुँची। श्रीमान् ने उनको देखते ही अपने नौकरों से कहा कि उसे यहाँ से हटा दो। पर वह गिड़गिड़ाकर बोली, "महाराज, अब तो झोंपड़ी तुम्हारी हो ही गई है। मैं उसे लेने नहीं आई हूँ। महाराज क्षमा करें तो एक विनती है।" ज़मींदार साहब के सिर हिलाने पर उसने कहा, "जब से यह झोंपड़ी छूटी है, तब से मेरी पोती ने खाना-पीना छोड़ दिया है। मैंने बहुत कुछ समझाया, पर वह एक नहीं मानती। यही कहा कहती है कि अपने घर चल, वहीं रोटी खाऊँगी। अब मैंने यह सोचा कि इस झोंपड़ी में से एक टोकरी भर मिट्टी लेकर उसी का चूल्हा बनाकर रोटी पकाऊँगी। इससे भरोसा है कि वह रोटी खाने लगेगी। महाराज कृपा करके आज्ञा दीजिए तो इस टोकरी में मिट्टी ले जाऊँ!" श्रीमान् ने आज्ञा दे दी।

(क) जमींदार साहब झोंपड़ी के पास क्या कर रहे थे?

(i) वह झोंपड़ी को तोड़ने की योजना बना रहे थे। (ii) वह आराम कर रहे थे।

(iii) वह टहल रहे थे और लोगों को काम बता रहे थे। (iv) वह वृद्धा का इंतज़ार कर रहे थे।

(ख) वृद्धा को देखते ही जमींदार की पहली प्रतिक्रिया क्या थी?

(i) उन्होंने वृद्धा का हाल-चाल पूछा। (ii) उन्होंने नौकरों से उसे वहाँ से हटाने को कहा।

(iii) उन्होंने उसे अंदर आने की अनुमति दे दी। (iv) उन्होंने उसे खाना खिलाने का आदेश दिया।

(ग) वृद्धा ने जमींदार से क्या विनती की?

(i) एक टोकरी मिट्टी ले जाने की। (ii) रहने के लिए दूसरी जगह माँगने की।

(iii) अपनी झोंपड़ी वापस माँगने की। (iv) अपनी पोती के लिए दवा माँगने की।

(घ) वृद्धा की पोती ने खाना-पीना क्यों छोड़ दिया था?

(i) क्योंकि वह बीमार थी। (ii) क्योंकि उसे जमींदार से डर लगता था।

(iii) क्योंकि उसका घर (झोंपड़ी) छूट गया था। (iv) क्योंकि उसे भूख नहीं लग रही थी।

(ङ) वृद्धा टोकरी भर मिट्टी का उपयोग किस कार्य के लिए करना चाहती थी?

(i) घर की मरम्मत करने के लिए। (ii) चूल्हा बनाकर रोटी पकाने के लिए।

(iii) मिट्टी बेचने के लिए। (iv) अपनी याददाश्त संजोने के लिए।

## <u>खंड -ग</u>

**प्रश्न 6. निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए। 2∗3 =6**

(क) “शहर में तो ऐसे ही मकान होते है नन्हेमल का ऐसे ही मकान से क्या आशय है ?

(ख) विश्वनाथ और रेवती किस बात से परेशान थे ?

(ग) नेताजी सुभाषचंद्र बोस के लक्ष्यों या ध्येय को पूरा करने के लिए आज की युवा पीढ़ी क्या-क्या कर सकती है ?

(घ) नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने किस प्रकार के राष्ट्र निर्माण का स्वप्न देखा था?

**प्रश्न 7. निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए। 2*3 =6**

(क) "जो जैसी संगति करै सो तैसा फल पाया।।" हमारे विचारों और कार्यों पर संगति का क्या प्रभाव पड़ता है? उदाहरण सहित बताइए।

(ख) कविता में 'मत बाँधो', 'पंख न काटो' आदि संबोधन किसके लिए किए गए होंगे?

(ग) मत बांधों कविता में सपनों की गति न बाँधने की बात क्यों कही गई होगी ?

(घ) करोड़ों में एक ही पृथ्वी'- इस पंक्ति को पढ़कर आपके मन में क्या भाव आता है? आप इस अनोखी पृथ्वी को सुरक्षित रखने के लिए क्या-क्या करेंगे?

## खंड -घ

प्रश्न 8. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। 5

(क)अपने मोहल्ले में फैली गंदगी और सफाई व्यवस्था सुधारने हेतु स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए।

अथवा

जन्मदिन के अवसर पर भेजे गए उपहार के लिए धन्यवाद देते हुए अपने चाचा जी को पत्र लिखिए।

प्रश्न 9. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए। 5

(क) अनुशासन का महत्व

(ख) पुस्तकालय के लाभ

(ग) मोबाइल फोन: वरदान या अभिशाप

प्रश्न 10. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संवाद लिखिए- 4

(क) अध्यापक और छात्र के बीच पढ़ाई के महत्व को लेकर संवाद लिखिए।

अथवा

डॉक्टर और मरीज के बीच हुई बातचीत को लेकर संवाद लिखिए।

*****